**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 514**
**25 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**चेन्नई मेट्रो रेल चरण-।। परियोजना**

**514. डॉ. रानी श्रीकुमारः**
**श्रीमती कनिमोझी करुणानिधिः**

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या संघ सरकार द्वारा चेन्नई मेट्रो रेल चरण-**II** परियोजना, जिसका वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा पिछले दो वर्षों से पूरी तरह वित्तपोषण किया जा रहा है, के लिए निधियां स्वीकृत करने और आवंटित करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ख) अब तक अनुरोध किए जाने के बावजूद निधियों के अनुमोदन और आवंटन में विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) कोयम्बटूर और मदुरै मेट्रो रेल परियोजनाओं की स्थिति, जिनमें केन्द्र सरकार को विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन पहले ही भेजे जा चुके हैं, के अनुमोदन का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत दस वर्षों के दौरान अनुमोदित मेट्रो रेल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और केन्द्र-राज्य के बीच 50:50 के आधार पर हुए व्यय का राज्य-वार ब्यौरा क्या है**?**

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ख) तमिलनाडु सरकार ने 63,246 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर 118.9 किलोमीटर लम्बे रूट वाली चेन्नई मेट्रो फेज़-2 परियोजना का प्रस्ताव प्रस्तावित किया है । अत्यधिक लागत वाली ऐसी परियोजनाओं की स्वीकृति परियोजना की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करती है।

(ग) मेट्रो रेल नीति 2017 के अनुसार, किसी भी शहर में मेट्रो रेल योजना बनाने हेतु व्यापक मोबिलिटी योजना (सीएमपी) और वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट एक अनिवार्य शर्त है। तमिलनाडु सरकार ने व्यापक मोबिलिटी योजना और वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट के बिना ही कोयंबटूर और मदुरै मेट्रो रेल परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की है।

(घ) पिछले दस वर्षों के दौरान स्वीकृत मेट्रो रेल परियोजनाओं तथा केन्द्र-राज्य के बीच 50:50 अनुपात के आधार पर साझा किए गए व्यय का राज्यवार ब्यौरा अनुलग्नक में देखा जा सकता है।

*****

**अनुलग्नक**

पिछले दस वर्षों के दौरान स्वीकृत मेट्रो रेल परियोजनाओं तथा केन्द्र-राज्य के बीच 50:50 अनुपात में साझा किए गए व्यय से संबंधित ब्यौरा

| राज्य | मेट्रो रेल परियोजना का नाम | केन्द्र सरकार द्वारा इक्विटी/अनुदान और अधीनस्थ ऋण के रूप में जारी निधि ( करोड़ रुपए में ) |
|---|---|---|
| गुजरात | अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना फेज़-I | 1,990 |
| | अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना फेज़-II | 552.14 |
| | सूरत मेट्रो रेल परियोजना | 1,235.71 |
| तमिलनाडु | चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना फेज़-I का विस्तार | 713 |
| बिहार | पटना मेट्रो रेल परियोजना | 1,400.75 |
| कर्नाटक | बैंगलोर मेट्रो रेल परियोजना फेज़ 2ए और 2बी | 1,880.14 |
| मध्य प्रदेश | भोपाल मेट्रो रेल परियोजना | 688.62 |
| | इंदौर मेट्रो रेल परियोजना | 949.4 |
| महाराष्ट्र | नागपुर मेट्रो रेल परियोजना | 1,555 |
| | पुणे मेट्रो रेल परियोजना | 1,954 |
| | नागपुर मेट्रो फेज़-II परियोजना | 600 |
| | पीसीएमसी – निगडी परियोजना ( पुणे मेट्रो फेज़-1 के कॉरिडोर-I का विस्तार ) | ----- |
| उत्तर प्रदेश | नोएडा - ग्रेटर नोएडा मेट्रो रेल परियोजना | 970.62 |
| | लखनऊ मेट्रो परियोजना | 1,300 |
| | कानपुर मेट्रो रेल परियोजना | 1,654.36 |
| | आगरा मेट्रो रेल परियोजना | 1,210.01 |
| केरल | कोच्चि मेट्रो रेल परियोजना फेज़ II | 100 |
| | कोच्चि मेट्रो फेज़ 1 ए | 46.74 |
| दिल्ली मेट्रो परियोजनाएं | दिल्ली मेट्रो फेज़-III परियोजनाएं | 1,031.67 |
| | दिल्ली मेट्रो फेज़-IV परियोजनाएं | 2,448.85 |
| | मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी, गुरुग्राम | -------- |
| आरआरटीएस परियोजनाएं | दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर | 1,106.65 |